प्रापर्टी टैक्स के भुगतान के लिए भी यह जरूरी है। साथ ही उस संपत्ति के साथ पानी, बिजली जैसे कनेक्शन भी दूसरे के नाम जुड़े होते हैं, उनके लिए भी दाखिल-खारिज आपके नाम होनी चाहिए। इसके लिए अपने नगर या पंचायत निकाय से संपर्क करें। हर राज्य में दाखिल-खारिज का शुल्क भी अलग-अलग होता है।

6. प्रापर्टी पर होम लोन है तो चुकाना होगा

अगर जो प्रापर्टी आपके नाम होने जा रही है, उस पर कोई होम लोन है तो आपको बाकी का पैसा चुकाना होगा। बकाये का भुगतान होते ही बैंक लोन क्लियरेंस सर्टिफिकेट के साथ आपको संपत्ति से जुड़े मूल दस्तावेज दे देता है।

हालांकि अगर मृतक ने होम लोन इंश्योरेंस ले रखा है तो इसकी जरूरत नहीं पड़ती।

7. प्रापर्टी लीज पर है तो शर्तों का पालन जरूरी

अगर प्रापर्टी किसी को लीज पर दी गई है तो आपको उस एग्रीमेंट की शर्तों का पालन करना होगा। अगर कानूनी उत्तराधिकारी लीज को जारी रखना चाहते हैं तो लीज लेने वाले के साथ एक नया करार करना पड़ता है।

ITR filing: मृतक व्यक्ति का अंतिम ITR जरूर दाखिल करें कानूनी वारिस

अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो संपत्ति और कर्ज के अलावा कई अन्य जिम्मेदारियां भी कानूनी उत्तराधिकारियों पर आती हैं। इसमें मृतक का आखिरी आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना और उसके पैन-आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों को बंद कराना शामिल है। मृतक का आईटीआर दाखिल करने से आयकर विभाग को भी जानकारी मिल जाती है कि संपत्ति का किसे और कैसे हस्तांतरण हुआ है और इससे तमाम कानूनी उलझनों से बचा जा सकता है।

1. आईटीआर ऐसे दाखिल करें

क्लियरटैक्स की सीईओ और संस्थापक अर्चित गुप्ता आयकर कानून 1961 की धारा 159 के तहत प्रावधान है कि अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके कानूनी उत्तराधिकारी को टैक्स चुकाना होगा, जैसे कि अगर वह शख्स जिंदा होता तो अपनी जिम्मेदारी पूरा करता। अगर आप कानूनी उत्तराधिकारी हैं तो सबसे पहले आपको आयकर विभाग से संपर्क कर खुद को मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में पंजीकृत कराना होगा। ऑनलाइन फाइलिंग सिस्टम के तहत इसका आवेदन किया जा सकता है। इसको मंजूरी मिलते ही आपको मृतक की ओर से आईटीआर भरने का हक मिल जाता है।

2. कर की देनदारी कानूनी उत्तराधिकारियों पर

अर्चित ने कहा कि अगर मृतक का आईटीआर नहीं भरा जाता है तो जो भी कर देनदारी बनती है, वह कानूनी उत्तराधिकारियों पर आती है। आयकर विभाग को यह देनदारी वसूल करने का हक है।

3. पैन कार्ड भी सरेंडर करें

मृतक के पैन कार्ड को सरेंडर करने के लिए आपको क्षेत्रीय आकलन अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसमें पैन कार्ड सरेंडर करने की वजह (धारक की मृत्यु के संबंध में इसे अंकित करें), उसकी जन्मतिथि के साथ मृत्यु प्रमाणपत्र की कॉपी भी लगानी होगी।

4. आधार का बायोमेट्रिक ब्लॉक कराना आवश्यक

किसी की मृत्यु पर आधार कार्ड को सरेंडर करने की प्रक्रिया तो यूआईडीएआई ने नहीं बताई है, लेकिन सुरक्षा कारणों से उसका बायोमेट्रिक ब्लॉक कराना आवश्यक है। ब्लॉक होने के बाद इसका किसी दस्तावेज के प्रमाणीकरण या भुगतान में इस्तेमाल नहीं हो सकेगा। ऑनलाइन भी एक सिक्योरिटी कोड को मृतक के मोबाइल नंबर के साथ यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। यूआईडीएआई की साइट पर लॉक या अनलॉक बायोमेट्रिक का विकल्प resident.uidai.gov.in/biomet-

ric-lock होता है।

5. आईटीआर- बैंक खाता बंद करने के बाद पैन कार्ड सरेंडर करें

विशेषज्ञों का कहना है कि रिटर्न फाइलिंग, बैंक खाता बंद करने, सभी वित्तीय निवेश की निकासी की कार्यवाही पूरी करने के बाद ही पैन कार्ड और आधार बायोमेट्रिक को ब्लॉक करने का कदम उठाना चाहिए। लॉ फर्म सिंह एंड एसोसिएट्स के संस्थापक साझेदार मनोज के. सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी ये दस्तावेज उसकी पहचान साबित करने के लिए अहम होते हैं। लिहाजा संपत्ति और देनदारी की कार्यवाही पूरी करने के बाद ऐसा करना चाहिए।

6. इसलिए जरूरी हैं ये कदम

- ❖ मृतक की उस वित्तीय वर्ष में कर देनदारी चुकाना आवश्यक
- ❖ मृतक की संपत्तियों पर हक और आगे के दायित्व के लिए जरूरी
- ❖ पैन कार्ड या आधार का किसी भी प्रकार के दुरुपयोग से बचाना

7. आयकर विभाग में खुद को कानूनी उत्तराधिकारी ऐसे साबित करें

स्टेप- 1. आयकर विभाग की साइट पर ई-फाइलिंग अकाउंट में क्लिक करें

स्टेप- 2. इसमें माई अकाउंट टैब पर क्लि करें

स्टेप- 3. इसमें एड या रजिस्टर ऐस रिप्रंजेटेटिव के ऑप्शन पर जाएं

स्टेप- 4. लिस्ट में लीगल हेयरशिप (कानूनी वारिस) को चुनें

स्टेप- 5. मृतक का पैन नंबर, बैंक खाता और मृत्यु की तारीख अंकित करें

स्टेप- 6. मृत्यु प्रमाणपत्र की पीडीएफ, अपनी पैन डिटेल व कानूनी वारिस के प्रमाणपत्र दें

स्टेप- 7. सारी जानकारी चेक करने के बाद सबमिट कर दें और मंजूरी का इंतजार

HRA पर कैसे हासिल करें टैक्स छूट

हाउस रेंट अलाउंस पर (HRA) टैक्स छूट का दावा करने के लिए आपको कुछ डॉक्युमेंट्स सबूत के तौर पर देने होते हैं। इन नियमों का पालन नहीं करने से आपका दावा खारिज हो सकता है।

अप्रैल 2017 में रेंट रिसीट पर इनकम टैक्स ट्राइब्यूनल के आदेश ने काफी ध्यान खींचा, क्योंकि इसने एक वेतनभोगी द्वारा मां को दिए किराये पर HRA छूट के दावे को ठुकरा दिया था। ट्राइब्यूनल ने दावे को अस्वीकार करते हुए कहा कि वास्तव में किराया दिया गया है इसे साबित करने के लिए रिसीट के अलावा कोई ठोस सबूत नहीं है और रिसीट को बिना रेंट दिए मां से हासिल किया जा सकता है।

आइए हम आपको बताते हैं कि हाउस रेंट अलाउंस (HRA) टैक्स छूट के लिए किन डॉक्युमेंट्स की जरूरत है और इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय आपक किन बातों का ध्यान रखें।

1. क्लियरटैक्स.कॉम के फाउंडर और सीईओ अर्चित गुप्ता ने कहा, 'आपके पास एक वैलिड रेंट अग्रीमेंट होना चाहिए। रेंट अग्रीमेंट में मासिक किराये, अग्रीमेंट की समयसीमा और आपके द्वारा किए जाने वाले अन्य खर्चों का जिक्र हो। अग्रीमेंट पर आपका और मकान मालिक का साइन हो, भले ही मकान मालिक आपके माता-पिता हों।'
2. यदि आप फ्लैट किसी के साथ साझा कर रहे हैं, तो ऊपर बताए गए ब्योरे के साथ अग्रीमेंट में यह जानकारी भी होनी चाहिए। यह भी लिखा हो कि कितने लोग फ्लैट को साझा कर रहे हैं और किराये के साथ अन्य यूटिलिटी बिल्स चुकाने का अनुपात किस तरह बंटा है।
3. कैश की बजाय किराया बैंकिंग माध्यम से देने की कोशिश करें। बैंकिंग चैनल्स से किराये देने पर आपके पास ट्रांजैक्शन का सबूत होता है।
4. हर महीने मकान मालिक को किसी भी माध्यम से चुकाए जाने वाले किराये का रिसीट मांगिए। EY इंडिया, पीपल अडवाइजरी सर्विसेज, डायरेक्टर पिंकी खन्ना ने कहा, '3,000 रुपये से अधिक मासिक किराये पर टैक्स छूट दावे के लिए रेंट रिसीट देना अनिवार्य है।'
5. यदि सालभर में रेंट 1 लाख रुपये से अधिक है तो रेंट रिसीट के अलावा मकान मालिक का PAN देना भी अनिवार्य है।
6. यदि PAN उपलब्ध ना हो तो आपका मकान मालिक यह घोषित करने का इच्छुक हो। घोषणापत्र के साथ आपको मकान मालिक से 'Form 60' भी भरवाना होगा।
7. यदि आप मकान मालिक का PAN नहीं देते हैं तो आप टीडीएस कटौती के समय टैक्स छूट का दावा नहीं कर सकते हैं। इनकम टैक्स ऐक्ट किसी कर्मचारी को रिटर्न फाइलिंग करते समय HRA क्लेम करने से नहीं रोकता है, लेकिन तब आपके नियोक्ता के द्वारा Form 26 में घोषित सैलरी इनकम और रिर्टन में घोषित रकम समान नहीं होगी। डिपार्टमेंट इस पर जवाब मांग सकता है।
8. ऐसी भी परिस्थिति हो सकती है, जहां कोई रेंट अग्रीमेंट पर दर्ज राशि से अधिक किराया चुकाता हो और अंतर कैश के जरिए देता है। यदि ऐसा होता है तो टैक्स छूट की गणना केवल रेंट रिसीट के आधार पर ही होगी। रेंट रिसीट पर दर्ज किराये से अधिक यदि आप दे रहे हैं तो उस राशि पर टैक्स छूट का दावा नहीं कर सकते हैं।
9. गुप्ता आगे बताते हैं कि HRA क्लेम करने के लिए यह जरूरी है कि आप घोषित घर में ही रहते हों। यदि आपके माता-पिता ही मकान मालिक हैं तो वे रेंट इनकम को अपने रिटर्न में दिखाएं।
10. यदि आप हर महीने 50 हजार रुपये से अधिक किराया दे रहे हैं तो 5 प्रतिशत टीडीएस काटना ना भूलें। यदि आप टैक्स काटना भूल गए तो प्रति महीने 1 फीसदी और काटने के बाद जमा नहीं कराने पर 1.5 फीसदी हर महीने ब्याज देना होगा। देरी पर प्रति दिन 200 रुपये का जुर्माना भी लगेगा।

यदि आप ऊपर बताए गए नियमों का पालन करते हैं तो किराये के खर्च पर 100 फीसदी टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं।

निवेश, दान या जमा पर मिलती है टैक्स छूट, जानें किन पर, कैसे, कितना बचेगा टैक्स

आप अपने निवेश, दान और बचत के आधार पर टैक्स में जिन छूट का दावा कर सकते हैं उनके बारे में पूरी जानकारी होने से टैक्स बचाने में काफी मदद मिल सकती है। यहां कुछ कॉमन डिडक्शन के बारे में बताया गया है जो गुजरे साल का भरपूर लाभ उठाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

- ❖ आप अपने होम लोन के मूलधन और ब्याज दोनों के रीपेमेंट पर छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं
- ❖ हायर एजुकेशन के लिए एजुकेशन लोन लिया है तो आप इस इंट्रेस्ट के लिए टैक्स डिडक्शन क्लेम कर सकते हैं
- ❖ हेल्थ इंश्योरेंस के ऐनुअल प्रीमियम कॉन्ट्रिब्यूशन के आधार पर टैक्स छूट क्लेम कर सकते हैं

कानून का पालन करने वाले, समय पर उचित टैक्स चुकाने वाले एक नागरिक के नाते आप साल भर जो अनगिनत वित्तीय फैसले लेते हैं उनका आपके टैक्स पर सीधा असर पड़ता है। वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही शुरू हो गई है और उचित टैक्स छूट का लाभ उठाने के लिए सही निवेश की तलाश करते समय आपको कुछ कॉमन टैक्स डिडक्शन के बारे में पता होना चाहिए जिनका इस्तेमाल आप हर वित्त वर्ष में कर सकते हैं।

1. आपके होम लोन के आधार पर डिडक्शन

होम लोन एक लंबा और काफी बड़ा कमिटमेंट है और अन्य लोन की तुलना में यह आपको ज्यादा टैक्स बेनिफिट देता है। आप अपने होम लोन के मूलधन (प्रिंसिपल अमाउंट) और ब्याज (इंट्रेस्ट) दोनों के रीपेमेंट पर छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। यदि आपने किसी के साथ होम लोन लिया है तो आप दोनों को हर फाइनैंशल इयर में बराबर टैक्सेशन बेनिफिट मिल सकता है।

इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80सी के तहत हर साल आपको अपने प्रिंसिपल रीपेमेंट पर 1.5 लाख रुपये तक की राशि पर टैक्स की छूट मिलती है। हालांकि, आप किसी अंडर-कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टीज पर या उस प्रॉपर्टी पर यह क्लेम नहीं कर सकते हैं जिसे आप खरीदने के 5 साल के भीतर बेच देते हैं। इसके अलावा, आप अपना दूसरा घर खरीदने पर हर साल 5 लाख रुपये तक का डिडक्शन क्लेम कर सकते हैं, बशर्ते आप अपने नए घर पर कब्जा मिलने के दिन से 5 साल तक उसे नहीं बेचते हैं।

इंट्रेस्ट के मामले में आप इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 24 के तहत 2 लाख रुपये तक की छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

लेकिन, इस क्लेम करने के लिए आपको दो शर्तों का पालन करना पड़ता है। पहली बात, अपने कब्जे वाली प्रॉपर्टी के मामले में प्रॉपर्टी का कंस्ट्रक्शन 5 साल में पूरा हो जाना चाहिए। अगरइसे पूरा होने में इससे ज्यादा समय लग जाए आप सिर्फ 30 हजार रुपये तक क्लेम कर सकते हैं। यदि आप अपने दूसरे घर पर टैक्स डिडक्शन क्लेम कर रहे हैं तो दूसरे घर के लिए इसका समय घटकर 3 साल हो जाता है। यानी,

इसके अलावा, यदि आप किराए की प्रॉपर्टी के लिए होम लोन का रीपेमेंट कर रहे हैं तो प्रॉपर्टी का कंडीशन चाहे जो भी हो इस मामले में क्लेम करने के लिए छूट की कोई

होम लोन टैक्स डिडक्शन के डीटेल

डिडक्शन	सेक्शन	मैक्सिमम डिडक्शन	शर्तें
प्रिंसिपल	80सी	रु. 1.5 लाख	प्रॉपर्टी को खरीदने के 5 साल के भीतर बेचा नहीं गया हो
इंट्रेस्ट	24बी	रु. 2 लाख	घर खरीदने या बनाने के लिए लोन लिया गया हो और उसे लोन लेने के 5 साल के भीतर बना लिया गया हो
इंट्रेस्ट	80ईई	रु. 50 हजार	लोन अमाउंट 35 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और उसे वित्तीय वर्ष 16-17 में सैंक्शन किया गया होना चाहिए; प्रॉपर्टी का वैल्यू रु. 50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए
स्टांप ड्यूटी	80सी	रु.1.5 लाख	यह बेनिफिट सिर्फ उसी साल पर मिल सकता है जिस साल में स्टांप ड्यूटी से जुड़े खर्च का पेमेंट किया गया है

सीमा नहीं है। इसके अलावा, यदि आप पहली बार घर खरीद रहे हैं तो आप सेक्शन 80श्वश्व के तहत 50 हजार रुपये तक अतिरिक्त छूट का दावा कर सकते हैं। आप इसे सिर्फ तभी क्लेम कर सकते हैं जब आपके खरीदे गए मकान की कीमत 50 लाख रुपये से कम हो जिसके लिए लोन का अमाउंट 35 लाख रुपये से कम होना चाहिए।

2. एक एजुकेशन लोन के आधार पर डिडक्शन

यदि आपने खुद, पत्नी, अपने बच्चों या किसी अन्य बच्चे के हायर एजुकेशन के लिए एजुकेशन लोन लिया है जिसके आप एक लीगल गार्जियन हैं, तो आप इस लोन पर लगने वाले इंट्रेस्ट के लिए टैक्स डिडक्शन क्लेम कर सकते हैं।

आप इस एजुकेशन लोन के इंट्रेस्ट पेमेंट पर इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80श्व के तहत इस तरह की छूट का दावा कर सकते हैं। आपके टोटल क्लेम के मामले में कोई मैक्सिमम लिमिट नहीं है। लेकिन, आप एजुकेशन लोन के लिए प्रिंसिपल रीपेमेंट की किसी भी छूट का क्लेम नहीं कर सकते।

इसके अलावा, आप टोटल रीपेमेंट पीरियड के लिए इस छूट के लिए क्लेम नहीं कर सकते हैं, बल्कि आप सिर्फ 8 साल के लिए क्लेम कर सकते हैं। इसका मतलब है कि यदि आपका लोन रीपेमेंट पीरियड 8 साल से अधिक है, तो 8 साल से अधिक समय तक ईएमआई का रीपेमेंट करते रहने के बावजूद आप इस छूट का लाभ उठाने के लिए इसे अपने इनकम टैक्स रिटर्न में 8 साल के बाद से दिखा नहीं पाएंगे।

3. हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम के आधार पर डिडक्शन

चाहे यह एक नो-क्लेम इयर हो या वह साल हो जब आप अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी पर क्लेम कर रहे हैं, आप इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80ष्ठ के तहत अपने इयरली प्रीमियम कॉन्ट्रिब्यूशन के आधार पर अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी पर टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

आप अपने लिए और अपने नजदीकी पारिवारिक रिश्तेदार के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान के लिए दिए गए प्रीमियम अमाउंट पर 25 हजार रुपये तक की छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं, यदि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र 60 साल से कम है। इसके अलावा, यदि आप अपने माता-पिता के लिए अलग से हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम देते हैं जिनकी उम्र 60 साल या उससे अधिक है तो आप अन्य क्लेम के अलावा 50 हजार रुपये तक के डिडक्शन के लिए अलग से क्लेम कर सकते हैं। यदि उनकी उम्र 60 साल से कम है तो आप एक साल में दिए गए इंश्योरेंस प्रीमियम अमाउंट पर 25 हजार रुपये तक की छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

यदि आप और आपके माता-पिता दोनों सीनियर सिटिजंस हैं तो डिडक्शन क्लेम अमाउंट 50-50 हजार रुपये होगा और इस तरह आप टोटल 1 लाख रुपये तक के डिडक्शन के लिए क्लेम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप अपने लिए और अपनी फैमिली के लिए किए गए प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप के लिए किए गए पेमेंट के आधार पर इस सेक्शन के तहत 5 हजार रुपये तक की अतिरिक्त छूट का क्लेम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप सेक्शन 80डी के एक सब-सेक्शन 80डीडीबी के तहत अपने लिए या अपनी फैमिली के लिए क्रिटिकल ईलनेस केयर पर किए गए खर्च के लिए भी क्लेम कर सकते हैं।

यहां आप 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए 40 हजार रुपये तक, 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 60 हजार रुपये तक और 80 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 80 हजार रुपये तक की छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

4. बचत एवं निवेश के आधार पर डिडक्शन

वैकल्पिक रूप से लाइफ इंश्योरेंस , पीपीएफ, एफडी, सुकन्या समृद्धि योजना , 5 इयर टर्म डिपॉजिट, यूलिप और एनएससी जैसे तरह-तरह के ऑप्शन में 1.5 लाख रुपये तक के अपने सभी इन्वेस्टमेंट्स पर आप इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

5. हाउस रेंट अलाउंस के आधार पर डिडक्शन

यदि आपकी सैलरी में हाउस रेंट अलाउंस शामिल नहीं है तब भी आप सेक्शन 80त्तत्त के तहत डिडक्शन के लिए क्लेम कर सकते हैं। लेकिन यह क्लेम आप सिर्फ तभी कर सकते हैं यदि आप किसी हाउसिंग बेनिफिट के लिए एलिजिबल नहीं हैं। इसका सीधा-सा मतलब यही है कि टैक्स बेनिफिट के लिए क्लेम करने के लायक बनने के लिए आपको अपनी पत्नी या अपने बच्चे के मालिकाना वाले मकान में नहीं रह रहा होना चाहिए। सेक्शन 80जीजी के तहत एचआरए बेनिफिट के लिए निम्नलिखित में से किसी एक बात पर गौर किया जाता है...

क. ऐनुअल सैलरी के 10 प्रतिशत से अधिक दिया गया रेंट

ख. अजस्टेड टोटल ऐनुअल इनकम (इस मकसद के लिए आई-टी डिपार्टमेंट द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार इनकम) का 25 प्रतिशत

ग. हर महीने रु. 5000

6. डोनेशन के आधार पर डिडक्शन

आप सेक्शन 80(जी) के तहत क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशंस को डोनेट किए गए अमाउंट के 50 प्रतिशत या 100 प्रतिशत अमाउंट तक डिडक्शन के लिए क्लेम कर सकते हैं। कुछ खास फंड्स, चैरिटेबल इंस्टिट्यूशंस और धार्मिक संगठनों को दिए जाने वाले डोनेशन पर सेक्शन 80(जी) के तहत डिडक्शन का बेनिफिट मिलता है। डिडक्शन हेतु क्लेम करने के लिए इस तरह के पेमेंट का प्रूफ संभालकर रखना चाहिए। यदि आपने कैश में डोनेशन दिया है तो आप सिर्फ 2,000 रुपये तक के डिडक्शन बेनिफिट के लिए क्लेम कर सकते हैं।

इन कॉमन डिडक्शन्स को ध्यान में रखें और अपने निवेश तथा देनदारियों का आकलन अभी से शुरू कर दें, क्योंकि अपने फाइनैंस में अजस्टमेंट करने के लिए आपके पास अभी भी कुछ महीने हैं।

टैक्स में छूट के लिए इनवेस्टमेंट में न दिखाएं जल्दबाजी

वित्तीय वर्ष के आखिरी महीनों के आते ही सभी वेतनभोगी टैक्स बचाने के लिए नए निवेश की जुगत में लग जाते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि नए निवेश को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अगर आप सिर्फ टैक्स बचाने की आपाधापी में कोई भी योजना चुनते हैं इससे आपकी गाढ़ी कमाई फंस सकती है। ऐसे में सबसे पहले आकलन करें कि आप कितनी बचत आप कुल आय में कर सकते हैं। आप कितनी अवधि तक निवेश चाहते हैं और लक्ष्य क्या है। अंत में यह तय करें कि सुरक्षित निवेश के तहत परंपरागत स्कीम या बाजार में जोखिम से जुड़ी योजना में निवेश चाहते हैं।

पहले किए निवेश का आकलन कर लें

सबसे पहले यह आकलन कर लें कि आपने अब तक जो निवेश किया है, उसमें कौन-कौन सा 80सी के दायरे में है। इससे आपको यह पता लग जाएगा कि कितना और निवेश धारा 80सी के तहत किया जा सकता है। कई बार जल्दबाजी में आप नया निवेश करते हैं, लेकिन धारा80सी के तहत कटौती की सीमा आप पार कर चुके होते हैं। ऐसे में पहले ही आकलन करना जरूरी है। ध्यान रखें कि ईपीएफ अंशदान की भी इसी में गणना होती है।

कितनी कर देनदारी है, यह भी जानें

80सी, 80 डी या अन्य योजनाओं में निवेश की पूरी रकम को कुल आय में घटाकर आप जान सकते हैं कि कितना आय करयोग्य है। अगर इसके बाद भी आपकी आय टैक्स छूट की सीमा 2.5 लाख रुपये से ज्यादा आती है तो टैक्स सेविंग की जरूरत है। अगर 80सी में और टैक्स बचाने की गुंजाइश है तो ही उसमें निवेश करें।

इन योजनाओं में कर सकते हैं निवेश

धारा 80सी के तहत आप 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर कर छूट का दावा कर सकते हैं। लघु अवधि की योजनाओं में एनएससी, एफडी या वरिष्ठ नागरिक बचत जैसी योजनाएं हैं। वहीं पीपीएफ और एनपीएस में निवेश लंबे समय का होता है। अगर बाजार में पैसा लगाने के इच्छुक हैं तो इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम सबसे अच्छा विकल्प है। अगर आपका होम लोन चल रहा है तो उस पर भी कर छूट का दावा कर सकते हैं। एनपीएस में निवेश कर धारा 80सीसीडी(1बी) के तहत 50 हजार रुपये की अतिरिक्त बचत की जा सकती है।

हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम भी कटौती में

अगर आपने खुद या परिवार के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान ले रखा है तो धारा 80डी के तहत 25 हजार रुपये की छूट पाई जा सकती है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सीमा 30 हजार रुपये हैं। धारा 80जी के तहत कोई भी डोनेशन या धारा 80ई के तहत शैक्षणिक लोन पर ब्याज भुगतान पर छूट पाई जा सकती है।

योजना की अवधि भी अहम कसौटी

योजना तय करने में सबसे महत्वपूर्ण होता है कि आप कितनी अवधि के लिए निवेश करते हैं और इसका लक्ष्य क्या है। जैसे ईएलएसएस में तीन साल की लॉक इन, एफडी में पांच साल और पीपीएफ में 15 साल का न्यूनतम निवेश होता है। ऐसे में सिर्फ दूसरों को देखते हुए किसी योजना में पैसा न डालें। अगर लंबी अवधि का निवेश चाहते हैं तो ही पीपीएफ, एनपीएस में निवेश करें, अन्यथा ईएलएसएस बेहतर विकल्प है।

रिटर्न पर टैक्स का ध्यान भी रखें

यह भी ध्यान दें कि जिस योजना में आप निवेश कर रहे हैं, उस पर मिलने वाले ब्याज की रकम तो टैक्स के दायरे में नहीं आती है। जैसे कि एनएससी और एफडी में रिटर्न पर टैक्स है। सिर्फ पीपीएफ, ईपीएफ और ईएलएसएस और बीमा योजनाओं में निवेश, ब्याज और परिपक्वता रकम पूरी तरह करमुक्त होती है।

अंतरिम बजट-2019

5 लाख तक की सालाना आय वालों को नहीं देना होगा टैक्स

मोदी सरकार ने अपने आखिरीब बजट में छोटे टैक्सपेयर्स को बड़ा तोहफा दिया है। अब 2.5 लाख रुपये की जगह 5 लाख रुपये की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। गोयल ने कहा कि इस टैक्स छूट का लाभ 3 करोड़ मध्यवर्गीय करदाताओं को मिलेगा।

- ❖ 5 लाख रुपये तक की सालाना टैक्सेबल आमदनी वाले करदाताओं को अब टैक्स में पूरी छूट मिलगी.
- ❖ सेक्शन 80C के तहत 1.5 लाख रुपये का निवेश करने पर कुल 6.5 लाख रु. की इनकम टैक्स फ्री हो गई.
- ❖ अब स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट भी 40 हजार रु. की जगह बढ़कर 50 हजार रु. हो गई.
- ❖ बैंक और पोस्ट ऑफिस में जमा रकम से 10 हजार की जगह 40 हजार रु. तक का ब्याज टैक्स फ्री हो गया.

चुनावी साल को देखते हुए जिसकी उम्मीद थी, वही हुआ। मोदी सरकार ने अंतरिम बजट में निम्न मध्य वर्ग को बड़ा तोहफा दिया है। कार्यवाहक वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि 5 लाख रुपये तक की सालाना टैक्सेबल आमदनी वाले करदाताओं को अब टैक्स में पूरी छूट मिलगी और उन्हें कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। हालांकि, जिनकी टैक्सेबल इनकम 5 लाख से ज्यादा है वे इस छूट के दायरे में नहीं आएंगे क्योंकि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे करीब 3 करोड़ करदाताओं को करों में 18,500 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा।

इसे आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि 80 ष्ट से लेकर 80 के तहत आने वाले सभी डिडक्शन के बाद भी अगर आपकी सालाना आय 5 लाख रुपये से अधिक रहती है तो आपको टैक्स देना होगा अन्यथा कोई टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिन लोगों की कुल आमदनी 6.50 लाख रुपये तक है, उन्हें भी किसी प्रकार के इनकम टैक्स के भुगतान की जरूरत नहीं पड़ेगी बशर्ते वे 80ष्ट के तहत सेविंग इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश कर लें। साथ ही पहले की ही तरह दो लाख रुपये तक के होम लोन के ब्याज, एजुकेशन लोन पर ब्याज, राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में योगदान, मेडिकल इंश्योरेंस, वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा पर होने वाले खर्च आदि जैसी अतिरिक्त कटौतियों के साथ और अधिक आय वाले व्यक्तियों को भी कोई टैक्स नहीं देना होगा।

टैक्स रेट	सामान्य नागरिक	वरिष्ठ नागरिक (60-80 साल)	अति वरिष्ठ नागरिक (80 से अधिक)
0%	ढाई लाख रुपये तक	3 लाख रुपये तक	5 लाख रुपये तक
5%	2,50,001 से 5,00,000	3,00,001 से 5,00,000	शून्य
20%	5,00,001 से 10 लाख	5,00,001 से 10 लाख	5,00,001 से 10 लाख
30%	10 लाख से अधिक	10 लाख से अधिक	10 लाख से अधिक

इसके साथ ही, पिछले बजट में लाए गए स्टैंटर्ड डिडक्शन की सीमा भी 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे 3करोड़ वेतनभोगियों और पेंशनधारकों को 4 ,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर लाभ मिलेगा। इतना ही नहीं, बैंक और पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट डिपॉजिट पर 10 हजार की जगह अब 40 हजार रुपये तक का ब्याज टैक्स फ्री हो गया है। उन्होंने कहा कि छोटे करदाताओं को राहत देने के लिए मकान के किराये पर कर कटौती के लिए टीडीएस सीमा को 1 ,80 ,000 रूपये से बढ़ाकर 2 ,40 ,000 रुपये तक करने का प्रस्ताव है।

अपने कब्जे वाले दूसरे मकान के अनुमानित किराये पर लगने वाले इनकम टैक्स में भी छूट का प्रस्ताव किया गया है। वर्तमान में यदि एक व्यक्ति के पास एक से अधिक अपना घर है तो उसे अनुमानित किराये पर इनकम टैक्स का भुगतान करना होता है। गोयल ने कहा कि सरकार ने अपनी नौकरियों , बच्चों की शिक्षाऔर माता -पिता की देखभाल के लिए दो स्थानों पर परिवार रखने के कारण मिडिल क्लास परिवारों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए इस राहत की घोषणा की।

वित्त मंत्री ने 2 करोड़ रुपये तक के कैपिटल गेन्स वाले टैक्सपेयर्स को भी एक आवासीय घर से दूसरे आवासीय घर में निवेश के लिए आयकर अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत पूंजीगत लाभों में वृद्धि का प्रस्ताव किया है। हालांकि इस लाभ को जीवन में एक बार ही मिल पाएगा। सस्ते आवास उपलब्ध उपलब्ध कराने के लिए इनकम टैक्स की धारा 80 -आईबीए के अंतर्गत लाभों को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा रहा हैयानी यह 31 मार्च 2020 तक स्वीकृत आवासीय परियोजना पर लागू होगा।

रीयल एस्टेट क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए वित्त मंत्री ने बिना बिके हुए घरों/फ्लैटों के अनुमानित किराये पर टैक्स से छूट की अवधि को प्रॉजेक्ट पूरा होने के वर्ष के अंतिम समय के एक वर्ष से बढ़ाकर दो साल तक करने का प्रस्ताव किया है।

अगर आपकी सैलरी है 5 से 10 लाख रुपये, तो ऐसे बचा सकेंगे इनकम टैक्स

वित्त मंत्री ने बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए आयकर में बड़ी छूट देने की घोषणा की है। लेकिन इसका फायदा ज्यादा लोगों को नहीं मिलेगा। वित्त मंत्री ने जो घोषणा की है उसके अनुसार 5 लाख रुपये की नेट इनकम पर टैक्स छूट लागू होगी। यह ग्रॉस इनकम पर लागू नहीं होगी। लांकि इस हिसाब से 6.50 लाख रुपये की सालाना आय वालों को किसी तरह का कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

यह होता है नेट व ग्रॉस इनकम में फर्क

ग्रॉस इनकम वो होती है, जिसमें किसी भी तरह का निवेश नहीं होता है। यह आपकी सकल आय होती है। वहीं नेट इनकम को कुल आय के नाम से भी जाना जाता है। इस आय की गणना आपके द्वारा किए गए सभी तरह निवेश के बाद जो राशि बचती है, उसे कुल आय कहते हैं। अब यहां पर सभी तरह निवेश जैसे कि पीपीएफ, एनएससी, टर्म बीमा, स्वास्थ्य बीमा, होम लोन, बच्चों की फीस, एचआरए को निकालने के बाद कुल आय निकाली जाती है। अगर आपकी कुल आय 5 लाख रुपये होगी तभी टैक्स में छूट मिलेगी।

5 लाख तक की नेट टैक्सेबल इनकम पर लगेगा टैक्स

इस बजट में वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने 5 लाख रुपये की जो छूट देने की बात कही है वो टैक्सेबल इनकम पर लगेगा। इस हिसाब से 2.5 लाख से 5 लाख रुपये पर 2.5 फीसदी टैक्स देना होगा।

5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये की टैक्सेबल इनकम पर 20 फीसदी और 10 लाख रुपये से ज्यादा की इनकम पर 30 फीसदी टैक्स लगेगा। केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इतना देना होगा टैक्स

आप इस टेबल की मदद से समझ जाएंगे कि कितना टैक्स आपको अगले वित्त वर्ष से देना होगा और अभी आप कितना टैक्स दे रहे हैं।

8 लाख रुपये तक की आय ऐसे बचाएं टैक्स

5 लाख रुपये आपकी आय + 50 हजार स्टैंडर्ड डिडक्शन + 1.5 लाख 80सी के तहत+ 50 हजार एनपीएस में निवेश पर+ 25 हजार मेडिकल खर्च पर क्लेम+ 25 हजार राजीव गांधी इक्विटी स्कीम। इस तरह आपको कुल 8 लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

ऐसे बचाएं टैक्स

छूट के विकल्प	आम नागरिक	वरिष्ठ नागरिक
सेक्शन 80सी	1,50,000	1,50,000
एनपीसी	50,000	50,000
80टीटीए	10,000	50,000
80डी	25,000	50,000
टैक्स फ्री रकम	2,35,000	3,00,000
होम लोन ब्याज	2,00,000	2,00,000
कुल टैक्स फ्री रकम	4,35,000	5,00,000
कुल आय बिना टैक्स	9,35,000	10,00,000

इनकम टैक्स से जुड़ी 5 बड़ी बातें जो आपको जाननी चाहिए

मोदी सरकार ने अपना अंतरिम बजट पेश कर दिया है. अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्सपेयर्स के लिए सबसे बड़ी घोषणा की है. वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि अगर सरकार बनी तो अगले वित?त वर्ष में 5 लाख रुपये तक की आय पर टैक?स नहीं देना होगा. बजट में इनकम टैक्स को लेकर क्या-क्या घोषणाएं हुईं, जानें आगे...

(1) 5 लाख रुपये तक इनकम टैक्स फ्री

वित्त वर्ष 2020 के लिए 5 लाख रुपये तक की सालाना आय पूरी तरह टैक्स फ्री रहेगी. सरकार के इस फैसले से पांच लाख से ऊपर आय वालों को 13 हजार रुपये का फायदा होगा.

(2) 2.40 लाख रुपये तक किराये से इनकम पर टैक्स नहीं

2.40 लाख रुपये तक किराया से इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा. पहले यह सीमा 1.80 लाख रुपये थी.

(3) 40 हजार तक की ब्याज से हुई इनकम पर टीडीएस नहीं

वित्त वर्ष 2020 के लिए 40 हजार रुपये तक की ब्याज इनकम पर ञ्जष्टस् नहीं देना होगा. पहले ब्याज पर इनकम टैक्स छूट की सीमा 10,000 रुपए थी. यह छूट पोस्ट ऑफिस और बैंक में पैसा जमा करने पर पर आपको मिलने वाले कुल ब्याज के लिए है.

(4) स्टैंडर्ड डिडक्शन 40 हजार से बढ़ाकर 50 हजार

वित्त वर्ष 2020 के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 40 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई.

(5) 80 सी के तहत नहीं बढ़ी टैक्स छूट की सीमा

केंद्र सरकार ने 80 सी के तहत टैक्स छूट की सीमा को पुराने स्तर यानी 1.5 लाख रुपये पर ही बनाए रखा है. 80 सी के तहत एक वित्त वर्ष में 1.5 लाख रुपये तक निवेश करके टैक्स छूट को क्लेम किया जा सकता है

अंतरिम बजट 2019 : हर बजट में होता है इन शब्दों का जिक्र

वर्ष 2019 का अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश किया जाना है, जिसकी छपाई का काम हलवा रस्म की अदायगी के साथ शुरू हो चुका है

हर वर्ष फरवरी महीने की पहली तारीख को पेश होने वाले बजट के दौरान वित्त मंत्री बजट से जुड़े काफी सारे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो कि आमतौर पर हर किसी को समझ नहीं आते हैं। अगर आप भी बजट की शब्दावली से अपरिचित हैं या आपको उनके बारे में कम जानकारी है तो हमारी बजट सीरीज की यह खबर आपके काम की है। जानिए बजट से जुड़े कुछ अहम शब्दों के बारे में।

सीमा शुल्क

कस्टम ड्यूटी (सीमा शुल्क) किसी भी देश से होने वाले निर्यात (एक्सपोर्ट) और आयात (इंपोर्ट) पर लगाया जाना वाला केंद्रीय टैक्स है। सरकार की राजस्व आय में इस कर की बड़ी हिस्सेदारी है। कई बार विदेशी प्रतिस्पर्धा से घरेलू कंपनियों को बचाने के लिए आयातित वस्तुओं पर सीमा शुल्क लगाया जाता है, या उसमें इजाफा किया जाता है।

चालू खाता घाटा

भुगतान संतुलन का मतलब किसी देश का अन्य देश के साथ एक साल के दौरान हुआ लेन-देन है। इसके दो भाग होते हैं, पहला-चालू खाता और दूसरा पूंजी खाता। जब कोई देश अपने निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं का) से अधिक आयात (वस्तुओं और सेवाओं) करता है, तो ऐसी स्थिति को चालू खाता घाटा कहा जाता है। चालू खाता मुख्य तौर पर देश के विदेशी लेन-देन को दर्शाने वाला खाता है।

मंदी

किसी भी अर्थव्यवस्था में मंदी का मतलब वैसी स्थिति से है, जब वस्तु और सेवाओं की मांग उसकी पूर्ति से कम हो जाती है। अर्थव्यवस्था में जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो लोगों की खरीदने की क्षमता कम हो जाती है और सामानों की बिक्री नहीं होने से उद्योग धंधे बंद होने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी बढ़ जाती है।

उपकर

उपकर जिसे अंग्रेजी में 'cess' कहते हैं। यह किसी मुख्य टैक्स के ऊपर लगने वाला एक अतिरिक्त कर होता है। इसे करदाताओं की आमदनी पर न लगाकर केवल उस रकम पर लगाया जाता है, जो उसकी टैक्स देनदारी बन रही होती है। आसान शब्दों में टैक्स के ऊपर लगने वाले टैक्स को सेस कहते हैं।

बजट में शामिल होते हैं 11 दस्तावेज

संसद के दोनों सदनों के समक्ष भारत सरकार एक वित्त वर्ष की अनुमानित

प्राप्तियों और व्यय का विवरण पेश करती है, जिसे वार्षिक वित्तीय विवरण कहा जाता है

हलवा रस्म की अदायगी के साथ ही बजट की छपाई शुरू हो चुकी है। बजट आंकड़ों और योजनाओं का एक दस्तावेज भर नहीं होता है बल्कि इसमें काफी कुछ शामिल होता है। बजट में सरकार की बीते वर्ष की योजनाओं के विश्लेषण के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं का एक रोडमैप भी होता है। दैनिक जागरण की बिजनेस टीम अपनी बजट सीरीज की इस खबर में आपको यह जानकारी दे रही है कि एक बजट में आखिर क्या कुछ शामिल होता है। गौरतलब है कि एक फरवरी 2019 को अंतरिम बजट पेश किया जाना है।

बजट में कुल 11 दस्तावेज शामिल होते हैं:

- वार्षिक वित्तीय विवरण
- डिमांड ऑन ग्रांट
- एप्रोप्रिएशन बिल
- फाइनेंस बिल
- वित्त विधेयक में प्रावधान की व्याख्या का ज्ञापन
- मौजूदा वित्त वर्ष के लिए प्रासंगिक एवं व्यापक आर्थिक ढ़ांचा
- वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय रणनीति का ब्यौरा
- मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति का वक्तव्य
- एक्सपेंडीचर बजट वाल्यूम-1
- एक्सपेंडीचर बजट वाल्यूम-2
- रिसीप्ट्स बजट

वार्षिक वित्तीय विवरण

संसद के दोनों सदनों के समक्ष भारत सरकार एक वित्त वर्ष की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण पेश करती है, जिसे वार्षिक वित्तीय विवरण कहा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 112 में इसका उल्लेख है।

डिमांड ऑन ग्रांट

इसमें संचित निधि से निकाले जाने वाले खर्चों (वार्षिक वित्तीय विवरण में शामिल) का अनुमान दर्ज होता है। यह

एक तरह का फॉर्म होता है, जिसे अनुच्छेद 113 के तहत जमा किया जाता है। लोकसभा में इस पर मतदान जरूरी है।

विनियोग विधेयक (एप्रोप्रिएशन बिल)

लोकसभा से मंजूर की गईं व्यय मांगों और संचित निधि में से किए जाने वाले खर्चों को एकत्रित करके एक विधेयक बनाया जाता है, जिसे विनियोग विधेयक कहा जाता है। इसे भी लोकसभा में पेश किया जाता है।

फाइनेंस बिल

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित किए गए नए करों का विवरण होता है, जिसमे मौजूदा करों में कुछ संशोधन भी शामिल होता है।

वित्त विधेयक में प्रावधान की व्याख्या का ज्ञापन

यह वित्त विधेयक में निहित कराधान प्रस्तावों को समझाने का एक व्याख्यात्म दस्तावेज है। साथ ही इसमें प्रावधानों और उसके प्रभावों का भी उल्लेख होता है।

एक्सपेंडीचर बजट वॉल्यूम-1

एक्सपेंडीचर बजट वाल्यूम-1 के अंतर्गत राजस्व और मूल अदायगी शामिल होता है, जो कि योजनागत और गैर-योजनागत अनुमानों के बारे में बताता है।

एक्सपेंडीचर बजट वॉल्यूम-2

व्यय अनुदान मांगों में प्रस्तावित अंतर्निहित उद्देश्य को समझाने वाला यह एक दस्तावेज होता है, जिसमें प्रमुख कार्यक्रमों पर व्यय के विभिन्न मदों का एक संक्षिप्त विवरण, बदलाव के कारणों के साथ मांगों में एक साथ शामिल पिछले वर्ष के लिए बजट अनुमान और संशोधित अनुमानों के बीच का अंतर और चालू वित्त वर्ष के अनुमान का उल्लेख किया जाता है।

रिसीप्ट्स बजट

वार्षिक वित्तीय विवरण में शामिल प्राप्तियों का अनुमान एक बार फिर से रिसीप्ट बजट में समझाया और विश्लेषित किया जाता है। सालभर के भीतर की राजस्व और पूंजीगत प्राप्तियों का ट्रेंड और बाहरी सहायता का पूरा ब्यौरा इसमे शामिल होता है।

टैक्स बचत के सर्वोत्तम रास्ते

टैक्स बचाने का सीजन आ गया है। अब एंप्लॉयर इन्वेस्टमेंट प्रूफ की मांग करने लगे हैं। ऐसे में जिन्होंने अब तक इन्वेस्टमेंट नहीं किया है, उनके लिए अब भी वक्त है। हम टैक्स सेविंग के लिहाज से निवेश के विभिन्न विकल्पों पर चर्चा कर रहे हैं। आप इसकी मदद से अपने लिए सही निवेश योजना का चयन कर सकते हैं।

ELSS फंड्स

ELSS फंड्स टैक्स बचाने के सभी रास्तों में सर्वोत्तम है। हालांकि, मौजूदा वित्त वर्ष में इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत टैक्स बचाने के लिए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए ELSS में निवेश का प्रूफ देने का वक्त निकल चुका है। लेकिन, एक्पर्ट्स बताते हैं कि अगर कोई ELSS में निवेश से टैक्स बचाने की सोच रहा है तो वह 31 मार्च से पहले 2-3 किस्तों में निवेश कर सकता है।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि सभी श्वस्स्स फंड्स के जोखिम एक समान नहीं होते। कुछ फंड्स छोटे एवं मध्यम आकार के शेयरों में ज्यादा रकम डालते हैं तो कुछ स्थिर बड़े शेयरों में। आप इनमें उस फंड का चुनाव करें जो आपके लक्ष्य के अनुरूप हो।

ELSS फंड्स का तीन वर्ष का लॉक-इन पीरियड होता है। यह टैक्स बचाने के अन्य विकल्पों में सबसे कम है। ELSS युवा करदाताओं के लिए टैक्स सेविंग का सर्वोत्तम साधन है। उन्हें हर महीने ELSS में निवेश करना चाहिए।

नैशनल पेंशन स्कीम

निवेश और कर नियमों में बदलाव से एनपीएस ज्यादा आकर्षक बन गया है। अब रिटायरमेंट के वक्त निकाली जा सकने वाली एनपीएस की अधिकतम 60% रकम पूरी तरह टैक्स फ्री होती है। दूसरा, निवेशक अब एनपीएस का ऐक्टिव चॉइस ऑप्शन अपनाकर निवेश की 75% राशि इक्विटीज में लगा सकते हैं। साथ ही, निवेशक 70 वर्ष की उम्र तक एनपीएस में निवेश बनाए रख सकते हैं और जमा रकम से थोड़ा-थोड़ा हिस्सा ही निकाल सकते हैं।

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स ऐक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत टैक्स बचत की जा सकती है। एनपीएस में सालना 1.50 लाख रुपये तक के निवेश पर सेक्शन 80C के तहत तो अतिरिक्त 50 हजार रुपये पर सेक्शन 80CCD(1b) के तहत टैक्स डिडक्शन क्लेम कर सकते हैं।

इसके अलावा, अगर आपका एंप्लॉयर भी आपकी बेसिक सैलरी का 10% तक आपकी नैशनल पेंशन स्कीम में जमा करवाता है तो वह रकम भी टैक्स फ्री हो जाएगी। साथ ही, रिटायरमेंट के वक्त जमा धन के 60% तक हिस्से की एकमुश्त निकासी पर भी कोई टैक्स नहीं लगता है।

पब्लिक प्रविडेंट फंड

बॉन्ड यील्ड्स में लगातार वृद्धि बने रहने के कारण अक्टूबर 2018 में पीपीएफ पर ब्याज दर बढ़ा दी गई। हालांकि, 2018-19 की तीसरी तिमाही में बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई, लेकिन पीपीएफ की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया। निवेश सलाहकारों का कहना है कि पीपीएफ पर ब्याज पर टैक्स नहीं लगता, इसलिए यह निवेश का अच्छा साधन है।

टैक्सस्पैनर के को-फाउंडर सुधीर कौशिक कहते हैं, 'अगर आप प्रविडेंट फंड में निवेश कर रहे हैं तो आपको फिक्स्ड इनकम ऑप्शन की तरफ नहीं देखना चाहिए।' पीपीएफ में निवेश बेहद सुरक्षित होता है। यह लचीलेपन और निवेश में आसानी के लिहाज से भी बढ़िया है। आप किसी पोस्ट ऑफिस या खास बैंक ब्रांच में पीपीएफ अकाउंट खोल सकते हैं। जो बैंक ऑनलाइन अकाउंट ऐक्सेस की सुविधा देते हैं, उनमें पीपीएफ अकाउंट खुलवाना बेहतर है।

सीनियर सिटिजंस सेविंगस स्कीम

60 वर्ष से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम (SCSS) सर्वोत्तम टैक्स-सेविंग ऑप्शन है जो पिछले बजट में ब्याज से 50 हजार रुपये तक की आय को टैक्स फ्री के ऐलान से और आकर्षक हो गया है। यानी, 60 वर्ष से ऊपर की उम्र के बुजुर्गों के लिए अब 3.5 लाख रुपये की और 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों की

5.5 लाख रुपये की आमदनी टैक्स फ्री हो गई है। एसीएसएस पर 8.7% ब्याज मिलता है जो अन्य किसी भी छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर से ज्यादा है। एससीएसएस में निवेश की अवधि पांच वर्ष होती है जिसे और तीन वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। लेकिन, इसमें कुल 15 लाख रुपये ही जमा करा सकते हैं। यह स्कीम ज्यादातर 60 वर्ष से ऊपर के निवेशकों के लिए ही है। जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वॉलंटरी रिटायरमेंट) ले ली है और दूसरी नौकरी नहीं करने वाले हैं तो वे 58 वर्ष की उम्र से ही एनसीएसएस में निवेश कर सकते हैं।

सुकन्या समृद्धि योजना

जिन टैक्सपेयर्स की 10 साल से कम उम्र की बेटी है, उनके लिए सुकन्या समृद्धि योजना टैक्स बचाने का अच्छा रास्ता है। मार्च महीने तक इस पर 8.5त्न की दर से ब्याज मिलेगा। अप्रैल में ब्याज दर बदल सकती है। सुकन्या समृद्धि योजना पर पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा दर से ब्याज मिलता है। पीपीएफ की तरह ही सुकन्या समृद्धि योजना से प्राप्त ब्याज टैक्स फ्री है। आप इस योजना में सालाना 1.5 लाख रुपये से ज्यादा निवेश नहीं कर सकते। सुकन्या समृद्धि योजना का अकाउंट किसी भी पोस्ट ऑफिस में या खास बैंकों में न्यूनतम 1000 रुपये जमा कर खुलवा सकते हैं। कोई माता-पिता अधिकतम दो बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खुलवा सकते हैं, लेकिन दोनों अकाउंट का कुल सालाना निवेश 1.5 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस योजना की अच्छी बात यह है कि खाते बच्चियों के नाम पर खुलवाए जा सकते हैं और 18 वर्ष की उम्र होने पर मच्योरिटी के मिले पैसे का इस्तेमाल उनकी शिक्षा और विवाह पर खर्च कर सकते हैं।

यूलिप

टैक्स सेविंग के लिहाज से यूलिप कैपिटल गेंस पर टैक्स लगाने के ऐलान से पहले भी म्यूचुअल फंड के मुकाबले बेहतर विकल्प था। यूलिप से न सिर्फ इक्विटी फंड्स में निवेश किया जाता है, बल्कि निवेशकों को डेट और लिक्विड फंड में निवेश का विकल्प भी मिलता है। इक्विटी से डेट या फिर डेट से इक्विटी में अदला-बदली से टैक्स पर कोई असर नहीं पड़ता। डेट फंड्स और फिक्स्ड डिपॉजिट्स से हुए शॉर्ट टर्म गेंस पर मामूली दर से टैक्स लगाया जाता है, जबकि डेट फंड्स से लॉन्ग टर्म गेंस पर इंडेक्सेशन के साथ 20त्न टैक्स लगता है। लेकिन, यूलिप से इनकम पूरी तरह फ्री है। इंश्योरेंस कंपनियां अब कम लागत वाले नए यूलिप प्लांस ला रही हैं जो लागत के मामले में म्यूचुअल फंड्स के डायरेक्ट प्लांस को टक्कर देते हैं। यूलिप किसी बच्चे के दीर्घावधि लक्ष्यों (लॉन्ग टर्म गोल्स) के लिए शानदार साधन है। खास बात यह है कि माता-पिता का देहांत होने पर बच्चे के यूलिप प्लान के लिए प्रीमियम नहीं भरना पड़ता है। इस तरह बिना प्रीमियम के प्लान चालू रहता है।

पेंशन प्लांस

नैशनल पेंशन स्कीम ने लोकप्रियता के मामले में इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा ऑफर किए जा रहे पेंशन प्लांस पर बढ़त हासिल कर ली है। टैक्सपेयर्स को एनपीएस में सालाना 50 हजार रुपये के निवेश पर सेक्शन 80CCD(1b) के तहत अतिरिक्त टैक्स छूट मिल जाती है। इससे ज्यादा टैक्स बचाना हो तो एंप्लॉयर के जरिए एनपीएस में निवेश करवाया जा सकता है। ध्यान रहे कि इंश्योरेंस कंपनियों के पेंशन प्लांस में निवेश पर टैक्स छूट नहीं मिलती है। साथ ही इंश्योरेंस कंपनियों के पेंशन प्लांस बहुत सस्ते भी नहीं होते। उनके प्लांस के स्ट्रक्चर्स साफ-सुथरे नहीं होते और कई तरह चार्ज की स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती है।

नैशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स

जो लोग निवेश की जल्दबाजी में हैं, उनके लिए 8त्न का रिटर्न देने वाला नैशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स बढ़िया विकल्प है। एनएससी में निवेश से प्राप्त ब्याज की रकम पर अगले वित्त वर्ष में सेक्शन 80ष्ट के तहत टैक्स छूट प्राप्त कर सकते हैं। मान लीजिए अगर आपने जनवरी 2019 में 50 हजार रुपये का एनएससी खरीदे तो एक साल बाद आपको ब्याज से 4 हजार रुपये प्राप्त होंगे। आप वित्त वर्ष 2019-20 में इस 4 हजार रुपये पर टैक्स डिडक्शन क्लेम कर सकते हैं। अगर आप 5 प्रतिशत वाले टैक्स ब्रैकेट में आते हैं तो एनएससी से प्राप्त ब्याज टैक्स नहीं लगने के कारण यह स्कीम आपके लिए पूरी तरह टैक्स फ्री हो जाती है।

बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट

जिन्होंने पूरे साल टैक्स बचत के किसी विकल्प का सहारा नहीं लिया और आखिरी वक्त में कोई उपाय तलाश रहे हैं तो वे बैंक एफडी में निवेश कर सकते हैं। एफडी की ब्याज दर छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर से कम होती है, लेकिन एफडी पर ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा मिलती है। जो बुजुर्ग नागरिक (सीनियर सिटिजंस) पोस्ट ऑफिस की लाइनों में खड़ा नहीं होना चाहते, उनके लिए एफडी घर बैठे निवेश का अच्छा विकल्प है। लेकिन, यह सुविधा बहुत महंगी पड़ती है। बैंक डिपॉजिट से प्राप्त ब्याज पूरी तरह टैक्सेबल है। ऐसे में अगर आपकी आमदनी ऊंचे टैक्स ब्रैकेट में आती है तो आपके लिए एफडी से बहुत कम रिटर्न मिल पाता है। ध्यान रहे कि आप अपने नेट बैंकिंग अकाउंट से किसी दूसरे के नाम पर एफडी नहीं कर सकते।

बीमा (इंश्योरेंस)

पारंपरिक बीमा वास्तविक जरूरतों को पूरी नहीं करते हैं। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी आमदनी से कम-से-कम 6 से 8 गुना इंश्योरेंस कवर लेना चाहिए। इसलिए, अगर आप 30 वर्ष की उम्र के हैं तो और प्रति माह 50 से 60 हजार रुपये कमा रहे हैं तो आपको 40 से 50 लाख रुपये के आसपास का इंश्योरेंस कवर लेना चाहिए। 40 से 50 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर देने वाले एंडोमेंट प्लान पर आपको सालाना करीब-करीब 4 से 5 लाख रुपये खर्च करने होंगे। यह आपकी कुल सालाना आमदनी का 60 से 70 फीसदी होता है। हालांकि, अगर आप 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान लेते हैं तो आपको सालाना महज 7 से 8 हजार रुपये ही देने होंगे जो आपकी कुल सालान आय का महज 1त्न है। आप जब भी टैक्स बचाने के लिए निवेश करने की सोचें तो इस गणित को ध्यान में रखें।

Investment Avenues
Subscription Form

I would likes to Investment Avenues

☐ 1 Year - 12 Issues Price Rs. 300

☐ 2 Year - 24 Issues Price Rs. 400

☐ 3 Year - 36 Issues Price Rs. 500

Order No. .....

First Name.....Last Name.....

.....Company.....Designation.....

Address.....

.....

Place.....State.....Pin code.....

Tel:.....Mobile..... Email:.....

INVESTMENT AVENUES

(A Division of Vision Advisory Services Pvt. Ltd.)

Plot No. 36, E-Second Floor, Infront of Raj Homes, Zone II, M.P. Nagar, Bhopal,
Ph. +91-755- 4277186; Mob.+91 7389912003

Sr. No.

RECEIPT

Date:.....

Received with thanks From Mr./Ms.....

the sum of Rs. .....

Cash/Cheque/Draft No. | | | | | | | | | | |

Dated.....

Rs.	

Cheque Subject to realisation

Account: .....

Received for: .....

Amount Received ....., Balance .....

For : Investment Avenues

Received by :

Name :

Authorised Signatory

मध्यप्रदेश शासन

गणतंत्र दिवस

की

समस्त प्रदेशवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएँ

आइये, इस गणतंत्र दिवस
के अवसर पर
हम भारत के समस्त नागरिकों को
सामाजिक, आर्थिक और
राजनैतिक न्याय
दिलाने का प्रण लें और
देश के लोकतंत्र को और
सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

कमल नाथ
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2019

Services we offer :

VISION ADVISORY®
VISION ADVISORY SERVICES (P) LTD.
One Stop Investment Services
YOUR CONCERN IS OUR CONCERN℠

1. Income Tax Return Filing
2. GST Return Filing
3. Financial Statements Preparations
4. Tax Audit

New Product in our kitty - Just send the details on whatsapp and we will provide the hassle free services from invoicing to accounting to gst return filing & Income tax return filing at minimum cost through team of Chartered Accountants

Vision Advisory Services Private Limited
Contact : 7389912018
Plot No. 36 E, Second Floor, M.P. Nagar, Zone-II, Bhopal-462 **E-mail:** contact@visionadvisory.in